>

Title: Need to curb the increasing incidents of atrocities on women in Fatehpur Parliamentary Constituency, Uttar Pardesh.

ओश्री राकेश सचान (फतेहपुर) ः

मेरे निर्वाचन क्षेत्र फतेहपुर (उ0प्र0) के ग्राम उरदौली में दिनांक 4 फरवरी, 2011 को 16 वर्षीय कक्षा 11 में पढ़ने वाली एक दलित छात्रा के साथ यौन शोषण (बलात्कार) करने का प्रयास किया गया और प्रयास में सफल न होने पर उक्त छात्रा के नाक व कान काट दिए गए जिससे दलित वर्ग में सुरक्षा की भावना को लेकर क्षेत्र में काफी तनाव चल रहा है। फतेहपुर जनपद में रोजाना ही दलितों के साथ कोई न कोई घटना हो रही है। ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे फतेहपुर पुलिस प्रशासन दलितों पर हो रहे अत्याचारों को रोकने में सफल हो सके और जनपद में आए दिन दलितों के साथ होने वाली नित्य नई घटनाएं न हों।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से यह मांग है कि वह फतेहपुर जनपद में दलितों पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए प्रदेश सरकार को सख्त निर्देश दें तथा ढिलाई बरतने वाले दोषी प्रशासनिक अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए जिससे दलितों को आत्म सुरक्षा मिल सके।